Bareilly, Friday,
3 May 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO.4: TOP

# एसआरएमएस में हैकाथॉन 2.0 का आरंभ

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (2 May):** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) में गुरुवार को हैकाथॉन 2.0 का इनॉग्रेशन हुआ. एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति और सीईटी के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने फीता काटकर ओल्ड ऑडिटोरियम में संचालित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया.

## मिलेगा नकद पुरस्कार

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि इस बार हैकाथॉन 2.0 की थीम 'स्मार्ट कैंपस सोल्यूशन' है. इसमें तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और यूपी के कोयंबटूर, तिरुवल्लूर, जबलपुर, इंदौर, लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद और बरेली शहरों के तकनीकी महाविद्यालयों के 156 स्नातक और परास्नातकों की 32 टीमें शामिल हुई हैं. हैकाथॉन 2.0 छत्तीस घंटे का तकनीकी आयोजन है, जिसका उद्देश्य स्मार्ट कैंपस से संबंधित वास्तविक चुनौतियों का समाधान करके स्टूडेंट्स में रचनात्मकता और नवाचार को प्रेरित करना है. प्रतिभागियों को सीखने के साथ ही नकद पुरस्कार जीतने और दूसरों के अभिनव विचारों को हासिल करने का मौका भी मिलता है. एसआरएमएस सीईटीआर के प्रिंसिपल डॉ. एलएस मौर्य, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, वाइस प्रिंसिपल डॉ. शैलेंद्र देवा, डायरेक्टर टीडीपी सेल डॉ. अनुज कुमार, डायरेक्टर फार्मेसी डॉ. आरती गुप्ता, डीएसडब्ल्यू इंजीनियर कपिल भूषण, चीफ प्रोक्टर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव मौजूद रहे.